बोलकर श्री राधे राधे जीवन संवार ले

कीर्तन में आये है तो श्याम ने पुकार ले,
बोलकर श्री राधे राधे जीवन संवार ले.....

जितना रटोगे उतना आनन्द पाओगे,
दुःख दर्द चिन्ता सारी सब भूल जाओगे,
व्यर्थ का भार सर से सारा तू उतार ले,
बोलकर श्री राधे राधे जीवन संवार ले.....

बीती को बिसार दे तू सुध ले आगे की,
अब भी समय है है प्यारे शरण ले ले राधे की,
शरण में आए को करे भव पार रे,
बोलकर श्री राधे राधे जीवन संवार ले.....

युगल चरण में प्यारे ऐसा सुख पाएगा,
राधे राधे बोलेगा तो श्याम दौड़ा आयेगा,
मेरे "मन" बचा जो जीवन, इनके चरणों में गुजार ले,
बोलकर श्री राधे राधे जीवन संवार ले.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28312/title/bolkar-shree-radhe-radhe-jivan-sanwaar-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |